कार्यालय प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय माकड़ी
जिला-कोण्डागाँव (छ.ग.)

E-mail id: gncmakdi@gmail.com

क्रमांक- /स्था/2024 माकड़ी, दिनांक- 01.01.2025

-: अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक (वैकल्पिक व्यवस्था) द्वारा अध्यापन हेतु विज्ञापनः-

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय छ.ग. शासन, ब्लाक- सी द्वितीय/ तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 574/ 126/ आउशि/ राज.स्था. / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 06/07/2024 के आदेशानुसार अतिथि व्याख्याता/ अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार दिनांक **10.01.2025** तक **सांय 05** बजे तक आवेदन पत्र पंजीकृत डाक अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर जमा कर पावती प्राप्त करेंगे। ई-मेल में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। संपूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति-2024 के परिपालन में किया जायेगा । अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का अवलोकन महाविद्यालय के वेबसाइट https://govtcollegepharasgaon.in/ से किया जा सकता है। रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है-

// रिक्त पद का विवरण //

क्रमांक	विषय	सहा. प्राध्यापक के विरुद्ध रिक्त पद	रिमार्क
1	अर्थशास्त्र	01	_

शर्ते :-

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली व उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा निर्धारित योग्यताएं मान्य होगी एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मेरिट सूचि के आधार पर चयन किया जायेगा।

2. चयनित उम्मीदवार के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा वह किसी अन्य शासकीय / अर्धशासकीय / अशासकीय सेवा में न हो इस बाबत शपथ-पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।

3. नियमित नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण तथा शासन की अन्य व्यवस्था के तहत व्यख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक की पदस्थापना होने पर अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक की नियुक्ति स्वयं निरस्त मानी जायेगी।

4. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूचि, जाति / निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्वः सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

5. चयनित उम्मीदवार को महाविद्यालय में अध्ययन अध्यापन कार्य के अतिरिक्त महाविद्यालय के गुणवत्ता एवं छात्र/छात्राओ के कैरियर निर्माण के लिये समय देना होगा।

6. अतिथि व्याख्याता/ वरीयता सूची में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा :-

श्रेणी - 1

संबंधित विषय में पी-एच.डी.

श्रेणी - 2

नेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण

श्रेणी - 3

संबंधित विषय में एम.फिल. धारक

7. उपर्युक्त पद हेतु अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति पूर्व में कार्यरत अतिथि व्याख्याता के **पी.एच.डी. कोर्स-वर्क हेतु 06 माह** के लिए रिक्त हुआ है । अतः **आगामी 06 माह के लिए शैक्षणिक कार्य हेतु नियुक्त** किया जायेगा ।

8. (अतिथि व्याख्याता नीति-2024 -11.4) उक्त अवधि के दौरान अध्ययन-अध्यापन के सुचारू संचालन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् प्रतीक्षा सूची से अन्य वैकल्पिक व्याख्याताओं की व्यवस्था इस शर्त पर की जायेगी कि अवकाश में गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य के पी-एच.डी. अध्ययन / प्रसूति अवकाश उपरान्त वापस कार्यभार ग्रहण करने पर वैकल्पिक व्याख्याता को उनके कार्य से स्वतः कार्यमुक्त माना जायेगा।

for Principal
Naveen Govt.College
Makdi,Distt.-Kondagaon(C.G.)

प्राचार्य

नवीन शासकीय महाविद्यालय माकड़ी

जिला- कोंडागांव (छ.ग.)